प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 27.09.2025 समय : 09:00 ए.एम.

0000

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज ओडिशा से 97 हजार पांच सौ से अधिक स्वदेशी फोर–जी मोबाइल टावरों का उद्घाटन करेंगें
- प्रदेश में चल रहे गिवअप अभियान के तहत अब तक 35 लाख से अधिक लाभार्थियों ने स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा योजना से नाम वापस लियां
- विश्व पर्यटन दिवस के मौके पर राजकीय संग्रहालयों और पर्यटन स्थलों पर निशुल्क प्रवेशं
- विश्व पैराएथलेटिक्स चैम्पियनशिप आज से नई दिल्ली में होगी–9 दिन चलने वाली इस प्रतियोगिता में सौ देशों के एक हजार से ज्यादा एथलीट हिस्सा लेंगें

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज ओडिशा से 97 हजार पांच सौ से अधिक स्वदेशी फोर–जी मोबाइल टावरों का उद्घाटन करेंगें ये टावर स्वदेशी तकनीक से लगभग 37 हजार करोड़ रुपये की लागत से बने हैं इनमें भारत संचार निगम लिमिटेड के 92 हजार छह सौ से अधिक फोर–जी प्रौद्योगिकी साइट शामिल हैं डिजिटल भारत अभियान के तहत 18 हजार नौ सौ से अधिक फोर–जी साइट को वित्त पोषित किया गया हैं ये टावर सौर ऊर्जा से संचालित हैं श्री मोदी महत्वपूर्ण रेलवे परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगें प्रधानमंत्री ओडिशा के बरहामपुर और गुजरात के उधना के बीच अमृत भारत एक्सप्रेस को भी रवाना करेंगें प्रधानमंत्री लगभग 11 हजार करोड़ रुपये के निवेश से आठ भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों के विस्तार की आधारशिला रखेंगें इनमें जोधपुर प्रौद्योगिकी संस्थान भी शामिल हैं प्रधानमंत्री के इस कार्यक्रम से मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा वर्चुअल माध्यम से जुडेंगें वे राजधानी जयपुर के सीतापुरा स्थित जेईसीसी में इसका सजीव प्रसारण देखेंगें

0000

प्रदेश में चल रहे शहरी और ग्रामीण सेवा शिविरों के माध्यम से बडी संख्या में लोगों को लाभान्वित किया जा रहा हैं इसी कडी में मुख्यमंत्री का आज नागौर दौरे का कार्यक्रम हैं वे मेडता में शहरी सेवा शिविर का जायजा लेंगे और जनसभा को भी संबोधित करेंगें

.....

0000

सेवा पखवाडे के तहत कल अलवर में श्रमदान कार्यक्रम हुआं केन्द्रीय वन मंत्री भूपेन्द्र यादव और वन राज्य मंत्री संजय शर्मा ने इस कार्यक्रम की अगुवाई कीं इस दौरान 40 से अधिक संगठनों और बडी संख्या में आम लोगों ने साफ सफाई कर स्वच्छता का संदेश दियां इस दौरान लोगों को स्वच्छता शपथ भी दिलाई गईं वहीं पखवाडे के तहत सवाईमाधोपुर में नमो प्रदर्शनी लगाई गई हैं

0000

प्रदेश में चल रहे गिव अप अभियान के तहत अब तक 35 लाख से अधिक लाभार्थियों ने स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा योजना से अपना नाम वापस लिया हैं ये जानकारी देते हुए खाद्य मंत्री सुमित गोदारा ने कल पाली में बताया कि कोई भी सक्षम व्यक्ति अगर इस योजना का लाभ लेता है तो उसके खिलाफ कार्यवाही की जायेगीं उन्होंने बताया कि गिव अप अभियान से सरकार को लगभग सात सौ करोड रूपये की सालाना बचत होगीं

....

0000

प्रदेश में चल रहे जीएसटी बचत सप्ताह के तहत जन जागरूकता का सिलसिला जारी हैं इसी कडी में कल सवाईमाधोपुर में संगोष्ठी का आयोजन किया गयां देवस्थान बोर्ड के अध्यक्ष ओम प्रकाश भडाना ने कार्यक्रम में शिरकत कीं इस मौके पर उन्होंने कहा कि जीएसटी कटौती से दैनिक उपयोग सहित कई चीजें सस्ती हुई है और लोगों को काफी फायदा पंहुच रहा हैं

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगें यह इस मासिक कार्यक्रम की 126वीं कड़ी होगीं ये कार्यक्रम सुबह 11 बजे आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क पर प्रसारित किया जायेगां

0000

आज विश्व पर्यटन दिवस हैं इस अवसर पर राजकीय संग्रहालयों और पर्यटन स्थलों पर आगन्तुकों को निशुल्क प्रवेश दिया जा रहा हैं इसके साथ ही प्रदेशभर में देशी विदेशी सैलानियों का परम्परागत रूप से स्वागत किया जा रहा हैं पर्यटन स्थलों पर विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जा रही हैं स्वर्ण नगरी जैसलमेर में विभिन्न पर्यटन स्थलों पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां हो रही हैं हमारे संवाददाता ने बताया कि स्थानीय संस्कृति की झलक देखकर सैलानी उत्साहित हैं

.....

अजमेर में पुष्कर के घाटों पर लोक कलाकारों की प्रस्तुतियां होंगीं करौली में तिमनगढ किले मदन मोहन और कैलादेवी मंदिर में पर्यटकों की भीड देखने को मिल रही हैं उधर सवाईमाधोपुर में रणथम्भौर दुर्ग परिसर में स्वच्छता अभियान चलेगां वहीं पाली के आऊवा पैनोरमा में इस अवसर पर स्वतंत्रता सैनानियों की प्रदर्शनी लगाई गई हैं वहीं बाडमेर के किराडू में आज से मालाणी महोत्सव शुरू हो रहा हैं

0000

श्रीगंगानगर जिले में मूंग खरीद के लिए ऑनलाईन पंजीकरण आज से शुरू हो रहा हैं सहकारिता मंत्री गौतम कुमार दक ने बताया कि बाकी जिलों में मूंग, उड़द, मूँगफली और सोयाबीन के समर्थन मूल्य पर खरीद के लिए पंजीकरण जल्द शुरू किया जायेगां उन्होंने राजफेड अधिकारियों को खरीद संबंधी सभी व्यवस्थाएं पूरी करने के निर्देश दिए हैं श्री दक ने कहा कि बिना गिरदावरी के पंजीयन पर खरीद नहीं होगीं केन्द्र सरकार ने मूंग का समर्थन मूल्य 8 हजार 768 रूपये, उडद का 7 हजार 800, मूंगफली का 7 हजार 263 और सोयाबीन का 5 हजार 328 रूपये प्रति क्विंटल घोषित किया हैं

0000

लेह हिंसा के मामले में गिरफ्तार जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को कल जोधपुर सेन्ट्रल जेल में लाया गयां इसे देखते हुए सुरक्षा के कडे इंतजाम किए गए हैं गौरतलब है कि वांगचुक को लेह में हिंसा भडकाने के आरोप में राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत गिरफ्तार किया गया थां उसके बाद उन्हें विशेष विमान से जोधपुर लाया गयां

0000

12वीं विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप आज से नई दिल्ली में होगीं जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में नौ दिनों तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में कुल 186 प्रतियोगितां होंगीं इनमें पुरुषों के लिए 101, महिलाओं के लिए 84 और एक मिश्रित स्पर्धा शामिल हैं इस चैंपियनशिप में सौ से ज़्यादा देशों के एक हज़ार से ज़्यादा एथलीट हिस्सा लेंगें भारत की मेज़बानी में ये पहला आयोजन हैं इसके साथ ही देश के अब तक के सबसे बड़े पैरा–खेल आयोजनों में से एक हैं इस साल, कुल सत्तर एथलीट भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं

0000

एशिया कप टी–ट्वेंटी क्रिकेट टूर्नामेन्ट में भारत और श्रीलंका, दोनों ही टीमों ने बराबर 202–202 रन बनाएं सुपर फोर मुकाबले के इस अंतिम मैच के टाई होने के बाद, सुपर ओवर में भारत ने श्रीलंका को हरा दियां पहले बल्लेबाजी करते हुए, भारत ने निर्धारित 20 ओवरों में 5 विकेट के नुकसान पर 202 रन बनाएं इसके जवाब में श्रीलंका ने भी निर्धारित 20 ओवरों में 5 विकेट पर 202 रन बनाएं इसके बाद हुए सुपर ओवर में, श्रीलंका ने 5 गेंदों में 2 विकेट पर 2 रन बनाएं जवाब में, सूर्यकुमार यादव ने पहली ही गेंद पर तीन रन लेकर मैच जीत लियां एशिया कप में कल दुबई में खिताबी टक्कर भारत और पाकिस्तान के बीच होगीं

0000